पंचदश

बिहार विधान-सभा

अष्टम् सत्र

अल्प-सूचित प्रश्न

वर्ग–1

सोमवार, तिथि 20 फाल्गुन, 1934 (श0) / 11 मार्च, 2013 (ई0)

प्रश्नों की कुल संख्या 02

(1) गृह (आरक्षी) विभाग	..	..	02
		कुल योग ..	02

संसाधन से लैस

28. श्री राम लषण राम रमण—क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के 38 जिलों में अनु० जाति/जन–जाति थाना की स्थापना की जा चुकी है, जो बिल्कुल संसाधनविहीन है, जिस कारण अनुसूचित जातियों/जन–जातियों के प्रताडण के मामलों में सरकार के उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो पा रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कबतक अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए सभी थानों को आवश्यक संसाधनों से लैस करना चाहती है ?

कार्रवाई करना

29. डॉ० अच्युतानन्द—दैनिक समाचार–पत्र के दिनांक 8 दिसम्बर, 2012 के अंक में छपी खबर 'अवैध वाहन भत्ता निकासी में शामिल कई पुलिस अधिकारी' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि ए०डी०जी, ए०सी०वर्मा, रेल ए०डी०जी०, पी०एन० राय एवं डॉ० परेश सक्सेना जैसे कई पुलिस अधिकारी सरकारी वाहन उपलब्ध रहने के बाद भी विभिन्न तिथियों में वाहन भत्ता की भी निकासी की है, जिससे लाखों रुपये के सरकारी राजस्व की क्षति हुई है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार अवैध वाहन भत्ता की निकासी करने वाले पुलिस पदाधिकारियों पर कौन–सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 11 मार्च, 2013 (ई०)।

फूल झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान–सभा।

बि०स०मु० (एल०ए०), 246–डी०टी०पी०–450